# गृहस्थ व्यक्ति मोह को कम करने का प्रयास करे - आचार्य महाश्रमण

**सरदारशहर, 20 अगस्त, 2010**

अहंकार, विनय, मित्रता को नाश करने वाला होता है और लोभ प्रेम, मित्रता, विनयता सबका नाश करने वाला होता है। जो साधक सज़्यक ज्ञान के साथ उपशम की साधना करने वाला होता है उसके वाणी, कर्म शांत होते हैं। जिसमें कषाय होता है उसमें संतता नहीं हो सकती। शांति का अज़्यास करना मुज़्य साधना होती है। गृहस्थ जीवन जीने वाले मनुष्य में धन के प्रति मोह होता है एक गृहस्थ को भी मोह कम करने का प्रयास करना चाहिए। वह यह सोचे कि जो धन, मकान आदि है वह कभी स्थायी नहीं है।

इस अवसर पर जसोल से समागत मुनि कीर्तिकुमार के संसार पक्षीय दादी झमकूदेवी भंसाली के देहावसान पर भंसाली परिवार संबल प्राप्त करने आचार्यश्री महाश्रमण के सान्निध्य में उपस्थित हुआ। खूबचन्द भंसाली ने अपनी माताजी की विशेषताओं को प्रस्तुत किया तथा चातुर्मास व्यवस्था समिति की तरफ से महामंत्री रतन दूगड़ ने झमकूदेवी के प्रति श्रद्धाभिव्यक्ति अर्पित की। आचार्यश्री महाश्रमण ने झमकूदेवी की विशेषताओं का अंकन कर मरणोपरांत दृढ़धर्मी श्राविका संबोधन से संबोधित किया।

# महात्मा महाप्रज्ञ क्वीज प्रतियोगिता 26 को

**सरदारशहर 20 अगस्त 2010**

तेरापंथ सभा द्वारा 26 अगस्त की रात्रि 7.30 बजे आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में महात्मा महाप्रज्ञ क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। मुनि जयंतकुमार एवं मुनि भव्य कुमार के निर्देशन में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के मुज़्य राउंड में पहुंचने के लिए 26 को सायं 7 बजे आयोजित प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। तेरापंथ भवन में नया चिंतन, नया अन्दाज की तर्ज पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए सभा के अध्यक्ष अशोक नाहटा ने बताया कि यह प्रतियोगिता आचार्य महाप्रज्ञ को अनुपम श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित है।

# अणुव्रत नैतिक गीत गायन प्रतियोगिता में आदर्श विद्या मन्दिर अव्वल रहा

**सरदारशहर, 20 अगस्त, 2010**

अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास द्वारा आयोजित अणुव्रत नैतिक गीत गायन प्रतियोगिता, सरदारशहर में आचार्यश्री महाश्रमण के सान्निध्य में तेरापंथ भवन में आयोजित हुई कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 8 तक विद्यार्थी) में समूह गायन में आदर्श विद्या मंदिर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और राम माध्यमिक विद्यालय ने द्वितीय स्थान पर रहा।
कनिष्ठ वर्ग एकल गायन में बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रक्षा जैन ने प्रथम स्थान साक्षी जैन ने द्वितीय स्थान और आदर्श विद्या मंदिर का छात्र कपिल वर्मा तृतीय स्थान पर रहा। वरिष्ठ वर्ग एकल गायन प्रतियोगिता में भारतीय आदर्श विद्यापीठ का पियुष स्वामी ने प्रथम स्थान, बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की वैशाली सेठिया द्वितीय तथा त्रिशला सेठिया तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन अणुव्रत न्यास के जिला समन्वयक श्री सज़्तराम सुराणा ने किया तथा अणुव्रत समिति के सह संयोजक नरेश सोनी एवं हेमराज छाजेड़ ने व्यवस्था में पूरा सहयोग दिया, अणुव्रत प्रभारी मुनि सुखलाल ने बच्चों को उद्बोधन प्रदान किया।

- **शीतल बरड़िया** (मीडिया संयोजक)